जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-29 | जयपुर, सोमवार, 2 अगस्त, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## कोविड संक्रमण एवं वैक्सीनेशन की समीक्षा बैठक आयोजित

# तीसरी लहर से बचाव के लिए लगातार सावधानी रखना जरूरीः अशोक गहलोत

### कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज लगाते समय वही दवा दी जाए जो पहली डोज के समय दी गई थी

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कोविड प्रोटोकॉल की पालना में लापरवाही के कारण दुनिया के कई देशों में कोविड रोगियों की संख्या फिर से बढ़ी है। देश के कुछ राज्यों में भी वायरस की सक्रियता बनी हुई है और वहां सरकारों ने संक्रमण रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक उपाय लागू किए हैं। ऐसे में हमें लगातार सावधानी बरतनी होगी तथा कोविड प्रोटोकॉल की पूर्ण पालना सुनिश्चित करनी होगी। तभी हम तीसरी लहर के प्रकोप से सुरक्षित रह पाएंगे। गहलोत मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रदेश कोविड संक्रमण तथा वैक्सीनेशन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज लगाते समय वही दवा दी जाए जो पहली डोज के समय दी गई थी। इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि विभाग इस संबंध में निर्देश जारी कर निचले स्तर तक इसकी क्रियान्विति सुनिश्चित कराए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड की दूसरी लहर के बाद बिना लक्षण दिखे (एसिम्प्टोमैटिक) संक्रमित हुए कुछ बच्चों में पोस्ट कोविड लक्षण देखने को मिले हैं। ऐसे मामलों में सतर्क रहने तथा विशेषज्ञों द्वारा इस बीमारी से बचाव के तरीकों के प्रचार-प्रसार पर जोर देने की आवश्यकता है। शिशु रोग विशेषज्ञ इस बारे में लोगों को जागरूक करें तथा बेहतर उपचार की तैयारी रखें।

### प्रदेश में अब केवल 268 एक्टिव कोरोना केसेज




### बीते दो सप्ताह में प्रदेश में कोरोना से मृत्यु की संख्या में भी गिरावट आई

डॉ. राजाबाबू पंवार, डॉ. सुधीर भंडारी, डॉ. वीरेन्द्र सिंह, डॉ. एमएल गुप्ता सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों ने शिक्षण संस्थाओं के संदर्भ में राय व्यक्त की कि केंद्र सरकार की गाइडलाइन, बच्चों के लिए वैक्सीन की उपलब्धता एवं बचाव के समस्त उपायों के साथ ही उन्हें खोलने के संबंध में कोई निर्णय लिया जाना उचित होगा। इन विशेषज्ञों ने बच्चों में कोविड संक्रमण के बाद मल्टी सिस्टम इन्फ्लेमेट्री सिंड्रोम (एमआईएस-सी) के बारे में जानकारी दी।



इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा, चिकित्सा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, मुख्य सचिव निरंजन आर्य, प्रमुख सचिव गृह अभय कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी वीसी के जरिए जुड़े। शासन सचिव चिकित्सा सिद्धार्थ महाजन ने प्रस्तुतीकरण में बताया कि प्रदेश में अब केवल 268 एक्टिव कोरोना केसेज हैं। जबकि देश भर में एक्टिव रोगियों की संख्या 3 लाख 97 हजार से अधिक हैं। बीते दो सप्ताह में प्रदेश में कोरोना से मृत्यु की संख्या में भी गिरावट आई है। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 14 प्रतिशत लोगों का दोनों डोज लगने पर वैक्सीनेशन पूर्ण हो चुका है।

### जल्द शुरू होगा वीर हनुमानजी सामोद रोपवे

चौमूं (हमारा वतन) अब जल्द ही सामोद वीर हनुमानजी मंदिर में 2 साल बाद अगस्त में रोपवे संचालन होगा। रोपवे में सुरक्षा व मंदिर माफी की जमीन पर वाणिज्यिक गतिविधि के कारण संचालन की अनुमति नहीं मिली थी। दोनों मामलों में जांच के बाद अनुमति मिलने पर कलेक्टर ने कुछ और आपत्तियां मांगी हैं। हालांकि किसी ने आपत्ति दर्ज नहीं करवाई है। यह जयपुर का पहला रोपवे है। तत्कालीन कलेक्टर जगरूप यादव ने लाइसेंस नहीं लेने पर 28 जून 2019 को संचालन पर रोक लगा दी थी। वीर हनुमान मंदिर के लिए 1050 सीढ़ियां हैं। बुजुर्गों, दिव्यांग, बच्चों और महिलाओं की परेशानी देखते हुए रोपवे बनाया गया था। रोपवे से श्रद्धालु 5 मिनट में मंदिर पहुंचेंगे। गौरतलब है कि एईएन ने रोपवे संचालन को सफल बताया है। उपखंड अधिकारी चौमूं ने फिटनेस के बाद सुरक्षा की जिम्मेदारी मंदिर प्रशासन की होने के चलते अनापत्ति दर्शायी है। जिला पुलिस अधीक्षक ने भी पीडब्लूडी व एसडीएम चौमू की एनओसी के आधार पर अपनी एनओसी दी है। रोपवे चालू होने की सूचना पर श्रद्धालुओं ने खुशी जाहिर की है । बुजुर्गों, दिव्यांग, बच्चों और महिलाओं को अब आसानी से वीर हनुमानजी के दर्शन होंगे । विधायक रामलाल शर्मा और पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने भी अपने अपने स्तर पर रोपवे चालू करने की मांग उठाई थी ।



## राजस्थान सरकार का रक्षाबंधन पर महिलाओं को तोहफा



जयपुर (हमारा वतन) आने वाली 22 अगस्त को रक्षाबंधन पर हर साल की तरह इस बार भी महिलाएं रोडवेस बस में फ्री में सफर कर सकेंगी। राज्य सरकार ने प्रदेश की सीमा में रोडवेज बसों में महिलाओं को फ्री सफर का तोहफा दिया है। राजस्थान रोड़वेज की सभी साधारण व एक्सप्रेस बसों में राजस्थान की सीमा के अंदर यात्रा कर सकेंगी। ये सुविधा एसी,वोल्वो एवं ऑल इंडिया परमिट वाली बसों में नहीं रहेगी। फ्री सफर का लाभ शनिवार को 12 बजे से रविवार रात को 11.59 बजे तक उठा सकती हैं। छूट के इस लाभ के बाद महिलाएं राजस्थान के किसी भी शहर-गांव या कस्बे में रोडवेज बस में निशुल्क सफर कर सकेंगी। छूट का ये लाभ जयपुर शहर में संचालित लोक परिवहन जेसीटीएसएल की बसों में भी मिलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बताया कि महिला दिवस पर यह सविधाएं लड़कियों और महिलाओं के लिए है। रोडवेज बस में राज्य की सीमा के अंदर महिलाओं से किराया नहीं लिया जाएगा। ये सुविधा केवल साधारण और एक्सप्रेस बसों (वातानूकुलित और वॉल्वो को छोड़कर) में दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बसों में यात्रा के दौरान कोविड गाइडलाइन की पालना करनी होगी। इस दौरान बिना मास्क लगाए अगर कोई यात्री आएगा तो उसे बस में सफर नहीं करने दिया जाएगा। पूरे राजस्थान में रोडवेज की 3 हजार से अधिक बसों का संचालन होता है। खास बात ये है कि महिलाएं चाहे तो यात्रा के लिए टिकट की प्री-बुकिंग करवा सकती है।

**सिटी बसों में भी महिलाओं को मिलेगा लाभ**

जयपुर में जेसीटीएसएल बसों में भी महिलाओं को सफर के दौरान कोई किराया नहीं देना पड़ेगा। जेसीटीएसएल की जयपुर में संचालित एसी और नॉन एसी लो-फ्लोर और मिनी बसों में ये छूट दी जाएगी। इसके लिए जेसीटीएसएल प्रबंधन की ओर से सभी परिचालकों को निर्देश दिए है कि वे यात्रा करने वाली महिलाओं और बालिकाओं से किराया नहीं लें।

## बेटा ही निकला वृद्ध माँ की हत्या करने वाला




जयपुर (हमारा वतन) चौमूं में 29 जुलाई को दिनदहाड़े अशोक विहार स्थित एक मकान में वृद्ध महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने 48 घंटे में ही खुलासा कर दिया है । इस कलियुग में एक बेटे ने ही माँ का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी ।

पुलिस उपायुक्त् जयपुर पश्चिम प्रदीप मोहन शर्मा ने बताया कि 30 जुलाई को परिवादी मुकेश शर्मा ने थाने में माँ की हत्या को लेकर एक रिपोर्ट करवाई थी । जिस पर पुलिस ने टीम घठित कर कार्यवाही को अंजाम दिया । सनसनीखेज घटना को देखते हुए अतिरिक्ता पुलिस उपायुक्तु जयपुर पश्चिाम रामसिहं व सहायक पुलिस आयुक्त चौमूं राजेन्द्र सिहं निर्वाण को विशेष दिशानिर्देश दिए तथा चौमू थानाधिकारी हेमराज सिहं गुर्जर और डीएसटी टीम प्रभारी नरेन्द्र सिंह खींचड पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व दो विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस ने बताया कि मृतका की लाश का पोस्टपमार्टम करवाकर मृत्यु के कारण की जानकारी की गयी तो यह शक यकीन में बदल गया कि मृतका की मृत्यु गला घोंटने से ही हुई है। डीएसटी टीम के द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगालकर आरोपियों की पहचान करने का कार्य किया गया व थानाधिकारी के नेतृत्व में घटित टीम द्वारा मृतका के परिजनों के बारे में जानकारी प्राप्ता की गयी। गठित टीमों द्वारा लगातार दिन रात मेहनत कर प्रकरण का खुलासा करने में लगभग 48 घंटे में सफलता हासिल की। उक्त हत्याकाण्डं व लूट का आरोपी मृतका का छोटा बेटा देवेश शर्मा पुत्र स्व. श्री बद्रीनारायण उम्र 33 साल ही निकला जिसने इस ब्लांइड हत्या काण्ड व लूट को अपने एक साथी के साथ अंजाम दिया था।

# ट्रेडिशनल हैंड ब्लॉक प्रिंट की अनूठी कला को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक पहल



जयपुर (हमारा वतन)। राकेश तोणगरिया द्वारा स्थापित, बगरू कॉटन क्राफ्ट पहले से ही पूरी फैशन इंडस्ट्री में शानदार मॉडर्न डिजाइनों में हैंड ब्लॉक प्रिंट के साथ एक बेंचमार्क स्थापित कर रहा है।

राकेश का ब्लॉक प्रिंट कला के साथ बहुत पुराना संबंध है और उनके पास विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों के लिए की बेहतरीन रेंज में कपड़े उपलब्ध है। उनमें लोगों का दिल जीतकर शानदार ब्लॉक प्रिंट परंपरा की विरासत को आगे बढ़ाने का जुनून है। सुंदर साड़ियों से लेकर बेहतरीन पोशाको तक - बगरू कॉटन क्राफ्ट में अपने सभी ग्राहकों के लिए प्रभावशाली विविधता है। उनका कहना है कि ब्रांड उत्तम फिनिशिंग के साथ खूबसूरत डिजाइन पेश करता है, जिसकी ग्राहक सराहना करने से नहीं रोक सकते। राकेश तोणगरिया ने कहा कि मैं दुनिया से हैंड ब्लॉक प्रिंट को गायब होते नहीं देख सकता। उन्होने कहा कि मैं अद्भुत कला के इस खजाने को लुप्त से बचाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं।÷ प्रकृति का दोस्त होने के नाते, यह ब्रांड जागरूक ग्राहकों के लिए सर्वश्रेष्ठ और सर्वोत्तम कपड़े बनाती है।

# राजेश वर्मा ने मनोनीत पार्षद बनाए जाने पर रुक्क्षमणी कुमारी का जताया आभार

जयपुर (हमारा वतन) चौमूं मे हाल ही में स्वायत शासन विभाग द्वारा ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य रुक्क्षमणी कुमारी की अनुशंसा पर चौमू वार्ड नंबर 38 निवासी राजेश कुमार वर्मा को चौमू नगरपालिका में मनोनीत पार्षद बनाए जाने पर सोमवार को मोरीजा स्थित उनके निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रूक्क्ष्मणि कुमारी का भव्य स्वागत सम्मान कर उनका आभार जताया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रूक्क्ष्मणि कुमारी को शॉल ओढ़ाकर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।



इस अवसर पर रूक्क्ष्मणि कुमारी ने कहा कि हर जमीनी समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की हक की लड़ाई के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिन्होंने कांग्रेस पार्टी की सेवा की है उन समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन और सत्ता में भागीदारी मिलनी चाहिए। इससे पूर्व कस्बे के मुख्य बस स्टैंड स्थित नगरपालिका के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रुक्क्षमणी कुमारी का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इस अवसर पार्षद महेंद्र कुमावत, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन गोविंद नारायण सैनी, पूर्व पार्षद संजय पारीक, पूर्वी ब्लॉक कॉन्ग्रेस उपाध्यक्ष लोकेश शर्मा, अंतर्राष्टीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष हयात खान, नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष भानु प्रसाद सैनी, अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शहजाद खान लोहानी, किशोर जमालपुरिया, आदिल खान, सरवन कुमार जलुथरिया, सुमन जाजड़ा, ताराचंद जलुपरियां, भरत जलुथरिया, संतोष कुमार जलुथरिया, घनश्याम बुटोलिया, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विराज फाउंडेशन ने मनाया ऐतिहासिक कारगिल विजय दिवस

जयपुर (हमारा वतन) विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में आज ऐतिहासिक कारगिल विजय दिवस जयपुर हेल्थ केयर एंड आई केयर सेंटर, जयपुर रोड पर मनाया गया। आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा ने विधिवत स्वस्तिवाचन से दीप प्रज्वलित करवाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व पदाधिकारियों ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा, शॉल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल देव आनंद,अध्यक्षता कर्नल रोहिताश यादव, विशिष्ट अतिथि कर्नल बजरंग सिंह, कर्नल प्रताप सिंह, कैप्टन श्रीराम शर्मा समाजसेवी, रुक्क्ष्मणी कुमारी रही । सभी लोगों ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रसंशा की । कार्यक्रम में वीरांगनाओं ,सैनिकों व उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान किया ।इस दौरान संरक्षक कृपा शंकर शर्मा, प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य, प्रदेश संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक आचार्य, प्रदेशाध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ) संजय प्रधान, विधि मंत्री अजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ डॉ अरुणा शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष देनम चतुर्वेदी, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनीता शर्मा, जिलाध्यक्ष ममता शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) सीएम सैनी, प्रदेश संरक्षक डॉ ओम प्रकाश शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष (मानवाधिकार जागरूक प्रकोष्ठ) डॉ अरुण शर्मा जिला संरक्षक राजू महाराज, जिला महासचिव नरेंद्र शर्मा, जिला सलाहकार नंदकिशोर गैसका, चौमूं तहसील अध्यक्ष अशोक रेवडका, गजानंद शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# आयकर विभाग के नए पोर्टल पर 25.82 लाख से अधिक आईटीआर दाखिल

नई दिल्ली। आयकर विभाग की नई वेबसाइट पर चीजें बेहतर होने लगी हैं। पिछले कुछ दिनों इस पर 25 लाख से अधिक रिटर्न भरे गये हैं 3.57 करोड़ से अधिक विशिष्ट लॉगइन हुए और 7.90 लाख से अधिक ई-पैन जारी किए गए हैं। ताजा आधिकारिक आंकड़े से यह जानकारी मिली। उल्लेखनीय है कि शुरू में इस पोर्टल पर कई तकनीकी गड़बड़ियों की शिकायतों आयी थी। पोर्टल सात जून को www.incometax.gov.in नाम ने शुरू हुआ था, लेकिन इसमें दी गयी विशेषताएं शुरू में सही तरीके से काम नहीं कर रही थी। कर विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ई-फाइलिंग 2.0 वेबसाइट अब अपने लय में आ रही है और प्रक्रियाएं अब पहले से बेहतर हुई हैं।

**दो सप्ताह में 25,82,175 आयकर रिटर्न**-आधिकारिक आंकड़े के अनुसार वेबसाइट के जरिये पिछले दो सप्ताह में 25,82,175 आयकर रिटर्न सफलतापूर्वक दाखिल किये गये, करदाताओं ने कुल 4,57,55,091 लॉगइन और 3,57,47,303 विशिष्ट के लॉगइन हुए।

# प्रतिभाओं के सम्मान से बढ़ता है हौंसला-रामलाल शर्मा

चौमूं (हमारा वतन) चौमूँ उपखंड में आरएएस 2018 में नव चयनित प्रतिभाओं का प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने सम्मान किया। प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से उनका हौसला बढ़ता है।



वही शहर के आर चंद्रा रिसोर्ट में आरएएस 2018 में चयनित प्रतिभाओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी व भारतीय संविधान की बुक देकर सम्मान किया गया। साथ ही एक बैग, एक पेन और प्रशस्ति पत्र भी भेंट किया गया। वही उनके साथ विचार-विमर्श किया । साथ ही उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आप हमारे क्षेत्र की धरोहर हो और हमें आप लोगों के ऊपर गर्व है और हम आप सभी को शुभकामनाएं देते हैं, वही एक एक पौधा दिया गया जो कि हमेशा यादगार रहेगा। विधायक शर्मा ने कहा कि पेड़ लगाए और इसकी देखभाल करें। साथ ही शर्मा ने कहा कि आप अपने क्षेत्र में जितने भी प्रतिमा छात्र हैं, उन सब को प्रेरित करने का कार्य करें व हर प्रकार से उनकी मदद करें। आप सभी हमेशा ऐसा काम करें कि हमें आप पर गर्व महसूस हो।

आरएएस चयनित 2018 शानू अग्रवाल, अल्का मीणा, सुमन चौधरी, दिनेश यादव और मनीष शर्मा का हुआ सम्मान। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष बजरंग लाल सोनी, नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, पार्षद मातादीन अग्रवाल, मुकेश सैनी आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रतलाम अभिभाषक संघ के चुनाव 7 अगस्त को

रतलाम (हमारा वतन) रतलाम अभिभाषक संघ के चुनाव 7 अगस्त को संपन्न होंगे और 8 अगस्त को चुनाव परिणाम घोषित होंगे । मध्यप्रदेश अधिवक्ता परिषद से रतलाम अभिभाषक संघ को सूचना मिलने पर रतलाम अभिभाषक संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने जानकारी दी कि 7 अगस्त शनिवार को सुबह 11बजे से 5 बजे तक परिचय पत्र साथ लेकर आने वाले अधिवक्ता को ही वोट डालने का अधिकार रहेगा ।



सहायक चुनाव अधिकारी अभिभाषक पंकज बिलाला ,जेपी भट्ट एवं श्रीमती प्रीती सोंलकी ने बताया कि कोरोना को देखते हुए समय अनुसार चुनाव के दिन मास्क एवं सेनेटराईजर का प्रयोग मतदान हाल मे भी किया जायगा । जो अधिवक्ता मास्क का उपयोग नही करेगे उनको मतदान करने से वंचित होना पडेगा। 8 अगस्त रविवार को मतगणना के पश्चात चुनाव परिणामो की घोषणा होगी। गौरतलब है कि रतलाम अभिभाषक के चुनाव कि प्रक्रिया कोरोना काल को देखते हुए पहले स्थगित कर दिया गया था ।

# संजय शर्मा रालोपा के नगर अध्यक्ष नियुक्त



जयपुर (हमारा वतन) राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी नगर कार्यकारिणी विस्तार को लेकर प्रदेश महामंत्री छुटटन यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर समीक्षा बैठक आयोजित की जिसमे पार्टी का विस्तार करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी गई।

पार्टी ने पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए संजय शर्मा को नगर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा। नगर मोर्चों की घोषणा में युवा मोर्चा अध्यक्ष कृष्णकान्त गुलिया, किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय कुमावत, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहसिन खाँ, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुकेश योगी, एससी मोर्चा अध्यक्ष भवानीशंकर आसीवाल व एसटी मोर्चा अध्यक्ष बाबूलाल मीणा को नियुक्त किया।

जिला महामंत्री रामबाबू गोरा ने बताया कि कार्यकारिणी विस्तार की कडी में नगर की कार्यकारिणी की घोषणा की है जल्दी ही गोविन्दगढ ब्लॉक, कालाडेरा ब्लॉक, बांसा ब्लॉक व खेजरोली ब्लॉक की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर चौमूँ विधानसभा प्रभारी रामबाबू गोरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश घोसल्या, लालचन्द झाझडा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

# जॉब्स

1. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 25271 अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021
2. सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 115, अंतिम तिथि 22 अगस्त 2021
3. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद सिविल जज (पीसीएसजे), पद संख्या 120, अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021
4. इंडियन आर्मी, पद प्रादेशिक आर्मी ऑफिसर, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 19 अगस्त 2021
5. उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीपीएससी), पद स्टाफ नर्स ग्रेड सेकंड मेल एंड फीमेल, पद संख्या 3012, अंतिम तिथि 12 अगस्त 2021
6. एग्रीकल्चर साइंटिस्ट रिक्रूटमेंट बोर्ड (ए एस आर बी) पद एडमिनिस्ट्रेटिव फाइनेंस और अकाउंट ऑफिसर, पद संख्या 65, अंतिम तिथि 23 अगस्त 2021
7. नेशनल हेल्थ मिशन उत्तर प्रदेश, पद सी एच ओ, पद संख्या 797, अंतिम तिथि 17 अगस्त 2021
8. नॉर्थ सेंट्रल रेलवे एनसीआर, पद अपरेंटिस, पद संख्या 1664, अंतिम तिथि 1 सितंबर 2021

## मैगजीन के रीडर ने सुझाया था संजय दत्त का नाम, कभी एक साथ 3 लड़कियों को किया था डेट

बॉलीवुड के मुन्नाभाई एक्टर संजय दत्त 62वां जन्मदिन मना रहे हैं। सुनील दत्त और नरगिस के बेटे संजय दत्त की जिंदगी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। कभी विवादों से पड़े तो कभी अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहे । लेकिन क्या आपको पता है कि आज संजय दत्त जिस नाम की वजह से फेमस हैं वह नाम एक मैगजीन रीडर ने दिया था। चलिए आज संजू बाबा के जन्मदिन पर जानते हैं उनके लाइफ से जुड़े कुछ अनकही और दिलचल्प बातों के बारें में ...



**संजय दत्त का जन्म**-एक रिपोर्ट की मानें तो संजय दत्त के पिता सुनील दत्त को उनकी मां नरगिस उन्हें एलविस प्रेसली कहती थीं। अकसर दोनों प्रेसली जूनियर के दुनिया में आने के सपने देखते थे। वह दिन 29 जुलाई, 1959 को आया, जब नरगिस ने संजय दत्त को जन्म दिया। हालांकि दिलचस्प बात यह है कि संजय दत्त का नाम सुनील दत्त और नरगिस ने नहीं रखा था। उनका नाम क्राउडसोर्सिंग के जरिए रखा गया था।

**क्राउडसोर्सिंग के जरिए रखा गया था संजय दत्त का नाम**-मीडिया रिपोर्ट की मानें तो उस दौर की मशहूर फिल्म और कल्चर मैगजीन शमा के नवंबर 1959 के अंक में रीडर्स से दत्त फैमिली के बच्चे के लिए नाम सुझाने को कहा गया था। इस पर सुनील दत्त -नरगिस के बेटे के लिए सैकड़ों रीडर्स ने अपनी ओर से नाम सुझाए थे। इनमें से ही एक रीडर ने नाम सुझाया था, संजय कुमार। यह नाम सुनील दत्त और नरगिस को काफी पसंद आया और फिर अपने बेटे का नाम संजय दत्त रखा गया।

## डॉक्टर बनी कीर्ति कुल्हारी ने बंदे को ऐसी जगह लगाई वैक्सीन कि हो गई ट्रोल



ऐक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिस पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। दरअसल इस वीडियो में कीर्ति एक शख्स को वैक्सीन देती नजर आ रही हैं। उन्होंने इंजेक्शन मसल की जगह वेन में दिया जिसको देखकर लोग उन्हें ट्रोल करने लगे। ट्रोल करने वालों को कीर्ति ने जबरदस्त जवाब भी दिए हैं। कुछ लोगों ने कॉमेंट बॉक्स में लिखा है कि ऐसे वैक्सीन नहीं ड्रग्स देते हैं।

**इंजेक्शन से लोग हुए कन्फ्यूज**-कीर्ति कुल्हारी ने वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन दिया है, क्या अब तक आपको वैक्सीन नहीं लगी? डॉक्टर सायरा सभरवाल हैं ना... इसके साथ उन्होंने लिखा है, प्लीज रिलैक्स... ये डमी इंजेक्शन है जो शूट्स के लिए इस्तेमाल होता है... ये वीडियो मजाक के लिए था, साथ ही कोविड वैक्सीन का सबसे अहम मेसेज भी कन्वे करना था।

**लोगों ने किया ट्रोल**-कीर्ति के इस वीडियो पर लोगों ने ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा है, वैक्सिनेशन इंट्रामस्कुलर दिया जाता है, कंधे पर न कि इंट्रावेनस। वहीं एक और फॉलोअर ने कॉमेंट किया है कि ऐसे ड्रग्स देते हैं। वहीं कीर्ति ने भी लोगों को जवाब दिए हैं।

## सोनू सूद में ऐश्वर्या राय को भी दिखती है अमिताभ बच्चन की झलक, बुलाती हैं- भाई साहब

सोनू सूद ने जोधा अकबर फिल्म में ऐश्वर्या राय के भाई का रोल निभाया था। उन्होंने बुड्ढा होगा तेरा बाप में अमिताभ बच्चन और युवा में अभिषेक बच्चन के साथ भी काम किया है। 2013 में दिए एक इंटरव्यू में वह बच्चन परिवार के सदस्यों के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बता चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया था कि उन तीनों में उनका फेवरिट को-स्टार कौन है।



**अमिताभ बच्चन के साथ मजा आया**-सोनू सूद ने बताया था कि अमिताभ बच्चन बहुत डेडिकेटेड हैं और अपनी लाइन्स दोहराते रहते हैं। वहीं ऐश्वर्या सेट पर रिजर्व रहती हैं। अभिषेक जैसे दिखते हैं वैसे ही हैं। Etimes की रिपोर्ट के मुताबिक, जब उनसे पूछा गया कि उनका फेवरिट को-स्टार कौन है, इसपर सोनू सूद ने जवाब दिया, मुझे मिस्टर बच्चन के साथ काम करके बहुत मजा आया। उन्होंने बुड्ढा होगा तेरा बाप में मेरे पिता का रोल निभाया था। अभिषेक ने युवा में मेरे भाई का किरदार निभाया था। वहीं जोधा अकबर में ऐश्वर्या मेरी बहन थीं।

# मन को शांत करने के लिए इन आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों पर कर सकती हैं भरोसा

लंबे समय तक काम करने, व्यक्तिगत और व्यवसायिक प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और हमारे जीवन के कई अन्य पहलुओं का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में चिड़चिड़ापन और थकान महसूस होना स्वाभाविक है, लेकिन मन की यह स्थिति आपके फैसलों को भी प्रभावित करती है। मगर, इस स्थिति पर विराम लगाने और अपने मूवमेंट्स को नियंत्रित करने का एक समग्र तरीका है।क्या आप जानते हैं कि आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का सेवन आपको आराम करने में मदद कर सकता है, जिससे आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिलती है? हां, यह सच है! लेकिन सवाल उठता है कि ये कौन सी जड़ी-बूटियां हैं जो यह कर सकती हैं? आइए जानते हैं।



**यहां कुछ आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां दी गई हैं, जो आपको शांत महसूस करने में मदद कर सकती हैं**

1. **अश्वगंधा**-आमतौर पर भारतीय अश्वगंधा को जिनसेंग के रूप में जाना जाता है। यह जड़ी-बूटी एडाप्टोजेन्स से भरी होती है, जो शरीर को तनाव को नियंत्रित करने में मदद करती है। यह मस्तिष्क के कार्य को बढ़ाने में भी मदद करती है और कोर्टिसोल के स्तर में सुधार करती है। साथ ही, रक्त शर्करा को कम करती है। स्वस्थ मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बढ़ावा देकर, यह आपके मूड को बेहतर बना सकती है। यह अवसाद और चिंता को दूर रखने में भी सक्षम है।

2. **ब्राह्मी**-निवारक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण चिकित्सक, डॉ संदीप जस्सल का सुझाव है ब्राह्मी नैदानिक मानसिक स्वास्थ्य रोगों के इलाज और दैनिक जीवन के तनावों से निपटने के लिए एक शक्तिशाली जड़ी-बूटी है।ब्राह्मी में मौजूद एक जैव-रासायनिक बैकोसाइड मस्तिष्क के ऊतकों के पुनर्निर्माण में मदद करता है और इसलिए स्मृति, एकाग्रता और बुद्धि पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। ब्राह्मी कोर्टिसोल को लक्षित करती है, जिसे व्यापक रूप से तनाव हार्मोन के रूप में जाना जाता है, जो तनाव और हल्की एंग्जायटी को प्रबंधित करने में मदद करती है। यह जड़ी-बूटी अल्जाइमर के लक्षणों को भी कम करने का काम करती है।

3. **गुडुचि**-गुडुचि को आमतौर पर गिलोय के नाम से जाना जाता है। संस्कृत में, इसका अर्थ है जो शरीर को रोगों से बचाता है।

यह अवसाद के इलाज में काफी मददगार है, और तनाव को संतुलित करने और याददाश्त बढ़ाने में भी मदद करती है।



## कविता
## ( प्रेम )

अनंत ,असीम स्नेह ,परवाह,वात्सल्य
,और करुणा का बहता हुआ स्त्रोता।
प्रेम पंछियों के उस कलरव में भी पाया
जाता है
जिसमें वो संपूर्ण रूप से आनंदित
होकर चहकते हुए अटखेलियां करते हैं।
कभी अपने घोंसलों में
तो कभी उन्मुक्त गगन में।
प्रेम मां के दुलार में है
तो पापा के डांटने में भी।
वो भाई के सख्त निर्देशन में है
तो बहन के खिजाने में भी।
हर पल हर क्षण में प्रेम विद्यमान है।
बस हम ही वो नजरें खो चुके हैं
जिनसे प्रेम को देखा जा सके
जो की गुम हो चुका है कहीं हमसे।
खुद हमारे ही कारण।
प्रेम खुद अपने अंदर महसूस करो
तो संपूर्ण प्रकृति प्रेममय है।



अनीता मीना कटकड
व्याख्याता, करौली






# वंदना कटारिया ने इतिहास रचा

### ओलिंपिक महिला हॉकी में हैट्रिक मारने वाली पहली भारतीय; दिवंगत पिता के लिए मेडल जीतने का लक्ष्य

टोक्यो। भारतीय महिला हॉकी टीम ने ग्रुप A के अपने आखिरी मैच में साउथ अफ्रीका को 4-3 से हरा दिया। उत्तराखंड के हरिद्वार के छोटे से गांव रोशनाबाद की रहने वाली वंदना कटारिया ने मैच में 3 गोल दागकर इतिहास रच दिया। वे ओलिंपिक मैच में गोल की हैट्रिक लगाने वाली भारत की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गईं। 29 साल की वंदना पहले खो-खो प्लेयर बनना चाहती थीं, लेकिन रनिंग स्पीड अच्छी होने की वजह से हॉकी खेलना शुरू किया।2005 में उनके पास हॉकी की ट्रेनिंग के लिए पैसे नहीं थे। इसे बाद वंदना के पिता नाहर सिंह कटारिया ने किसी तरह उधार लेकर पैसों का इतंजाम किया और अपनी बेटी के सपनों को पूरी करने में मदद की। टोक्यो ओलिंपिक से 3 महीने पहले अप्रैल में नाहर सिंह का निधन हो गया था। इसके बाद वंदना ने उनकी याद को ही अपनी प्रेरणा बना लिया। पिता के लिए ओलिंपिक मेडल जीतने को ही एकमात्र लक्ष्य बना लिया।

**घर वाले नहीं चाहते थे मैं खिलाड़ी बनूं**-वंदना हॉकी से पहले खो-खो खेलती थीं। 2002 में खो-खो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वंदना ने शानदार रिकॉर्ड बनाने के बाद कोच कृष्ण कुमार ने 11 साल की वंदना की ऊर्जा देखकर हॉकी में उतारा था। वंदना बताती हैं कि उनकी रनिंग स्पीड अच्छी थी। इसी वजह से हॉकी खेलना शुरू किया। 2003 में हॉकी के कोच प्रदीप चिन्योटी वंदना को अपने साथ मेरठ ले आए। 2006 में वंदना को केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में एडमिशन लिया और वहीं ट्रेनिंग शुरू की। वंदना बताती हैं, मेरे घर वाले नहीं चाहते थे कि लड़की होकर मैं खिलाड़ी बनूं और बाहर जाऊं, लेकिन पापा मुझे सपोर्ट करते थे।

## पहले ही मैच में हारकर टोक्यो ओलंपिक से बाहर हुए अमित पंघाल,मार्तिनेज ने दी शिकस्त

नई दिल्ली। भारत के स्टार बॉक्सर अमित पंघाल (52 किग्रा) टोक्यो ओलंपिक से बाहर हो गए हैं। अमित को टूर्नामेंट के अपने पहले ही मैच में कोलंबिया के युबेरजेन मार्तिनेज के हाथों 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। अमित से इस बार देश को मेडल की उम्मीद थी और पिछले कुछ समय में इस भारतीय बॉक्सर ने अच्छा प्रदर्शन भी किया था। अमित का यह पहला ओलंपिक था और वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। अमित ने मैच की शुरुआत शानदार तरीके से की थी और पहले राउंड को भी अपने नाम किया था, लेकिन वह इस लय को आगे कायम नहीं रख सके। पहले ही दौर से कोलंबियाई मुक्केबाज ने पंघाल पर दबाव बना दिया लेकिन पंघाल ने वापसी करके पहले तीन मिनट में 4-1 से जीत दर्ज की । इसके बाद मार्तिनेज की रफ्तार का वह सामना नहीं कर सके। भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफॉर्मेंस निदेशक सैंटियागो नीवा ने कहा , वह एक दूसरे के साथ प्रैक्टिस कर चुके हैं।



## पूर्व क्रिकेटर हर्षल गिब्स ने सचिव जय शाह पर लगाया गंभीर आरोप, कश्मीर से जुड़ा है मुद्दा

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हर्षल गिब्स ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह पर आरोप लगाते हुए कहा है कि जय शाह ने उन्हें इस बात की धमकी दी है कि यदि वे कश्मीर प्रीमियर लीग में खेलेंगे, तो उन्हें भारत में किसी भी प्रकार की क्रिकेट एक्टिविटी के लिए आने नहीं दिया जाएगा। गिब्स ने कहा है कि उन्हें इस बात की सूचना दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के वर्तमान डायरेक्टर ग्रीम स्मिथ के माध्यम से मिली है। ये सभी बातें गिब्स ने स्पोर्ट्सकीड़ा से बात करते हुए कही हैं। गिब्स ने आज सुबह एक ट्वीट किया, जिसमें लिखा था कि, पाकिस्तान के साथ अपने राजनीति एजेंडे को समीकरण में लाने और मुझे कश्मीर प्रीमियर लीग में खेलने से रोकने के लिए बीसीसीआई ऐसी चीजें कर रहा है, जिसकी बिल्कुल जरूरत नहीं है। साथ ही मुझे धमकी देते हुए कहना कि वे मुझे क्रिकेट से जुड़े किसी भी काम के लिए भारत में एंट्री नहीं करने देंगे।



टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# मूल्यांकन से परिणाम


राम गोपाल सैनी

कोरोना महामारी से प्रभावित समय में आखिरकार केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए। 12वीं पास करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह भावनाओं का मिला-जुला अवसर होगा। ज्यादातर विद्यार्थी न तो स्कूल गए थे और न प्रत्यक्ष पढ़ाई ही की थी, इसके बावजूद वैकल्पिक मूल्यांकन पद्धति से जो परिणाम आए हैं, उनकी प्रशंसा करनी चाहिए। इस वर्ष 99.37 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। 99.67 प्रतिशत लड़कियां और 99.13 प्रतिशत लड़के सफल हुए हैं। इस बार भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। हालांकि उनमें अंतर ज्यादा नहीं है, लेकिन यह एक संकेत है कि जिन लड़कियों को मौका मिल रहा है, वे लड़कों से बेहतर पढ़ाई कर रही हैं। पढ़ाई के प्रति लड़कियों का लगाव कोई तुक्का नहीं है। यह अपने आप में इतिहास है कि किन हालात में परिणाम आए हैं। देश भर में कोरोना संक्रमण में वृद्धि के चलते केंद्र सरकार द्वारा 12वीं की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। बोर्ड ने बाद में 12वीं के मूल्यांकन का मानदंड तैयार करने के लिए 13 सदस्यीय समिति का गठन किया था। देश की सर्वोच्च अदालत को भी समाधान तलाशने के लिए आगे आना पड़ा था। देश में कई लोग प्रत्यक्ष परीक्षा कराने के पक्ष में थे, लेकिन अंतत परीक्षा न कराने पर सहमति बनी और मूल्यांकन का पैमाना तय हुआ। अब यह हमेशा के लिए इतिहास में दर्ज हो गया है कि कोरोना महामारी के कारण सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं रद्द कर दी गई थीं और छात्रों का परिणाम मूल्यांकन फॉर्मूला से घोषित किया गया था। वैसे संकट के समय भी परिणाम देखकर उत्साह बढ़ना लाजिमी है। 5.37 प्रतिशत छात्रों को 95 फीसदी से ज्यादा और 11.51 फीसदी छात्रों के 90 से 95 फीसदी के बीच अंक आए हैं। मतलब अपने देश में सौ में से 17 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल कर रहे हैं।




# सेना से सेवानिवृत्ति पर जितेंद्र सिंह नाथावत का हुआ भव्य स्वागत

चौमूं (हमारा वतन) ईटावा भोपजी निवासी जितेंद्र सिंह नाथावत पुत्र रि. कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत 23 साल देश की सेवा कर सेवानिवृत्त होने पर श्री वीर तेजाजी मंदिर चिमनपुरा मोड़ पर भव्य स्वागत किया। डीजे की मधुर धुनों के साथ निवास स्थान तक रोड शो करवाया गया।

इस मौके पर सज्जन सिंह नाथावत सेवानिवृत्त अध्यापक, आरएलपी प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, शिवसेना युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह, कालाडेरा कॉलेज प्रेसिडेंट चंद्रकला नागोरी, मदन फौजी, शेतान यादव फौजी, सुरेश फौजी, अंग्रेज सिंह यादव, मुकेश घोंसल्या, भवानी सिंह लोहरवाड़ा पत्रकार, युवा नेता कॉन्ग्रेस रविन्द्र सिंह नाथावत, वीरेंद्र सिंह नाथावत, विक्रम सिंह सिंगारा, हनुमान सिंह मकराना आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# 55 हस्तियों को मिला राष्ट्र रत्न सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) राजधानी जयपुर में चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा होटल क्लार्क आमेर में पहली बार राष्ट्र रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ परीन सोमानी (लंदन), एडिशनल डीसीपी सीमा हिंगोनिया,ओंकार सिंह समाज सेवक, सुनीता जैन रिटायर्ड डायरेक्टर, पीयूष पंडित स्वर्ण भारत परिवार आदि ने दीप प्रज्वलन कर किया। चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट की फाउंडर डॉक्टर चंद्रकला गोठवाल ने बताया की सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों जैसे फिल्म, कला, शिक्षा, चिकित्सा ,पत्रकारिता ,राजनीति, योग, समाज सेवा आदि में देश के लिए योगदान देने वाली करीब 55 हस्तियों को सम्मानित किया गया।



**ये बने ब्रांड एंबेसडर**– इस दौरान ट्रस्ट ने सिमरत कौर खोसला कथक गुरु, डॉ अर्चना चावला शिक्षक, काउंसलर, मोहनलाल मुंडोतिया, भरत सिंह को सम्मान समारोह का ब्रांड एंबेसडर भी नियुक्त किया।

**इन हस्तियों को मिला राष्ट्र रत्न अवॉर्ड**–

सम्मान समारोह में वरिष्ठ अभिनेत्री और कत्थक गुरु उषा श्री, जय प्रकाश शर्मा, मोहनलाल मुंडोतिया, महावीर सोनी, डीसीपी सुनीता मीणा, निर्मला दहिया, हर्षद बंडल, लक्ष्मी सपेरा, मंजू व अन्य देश - विदेश की हस्तियों को राष्ट्र रत्न अवार्ड से नवाजा गया।इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय नृत्यांगना लक्ष्मी सपेरा द्वारा राजस्थानी लोकगीत पर मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को प्रोफ़ेसर दिनेश के. गुप्ता ने होस्ट किया।

# अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य के जन्मदिन पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

जयपुर (हमारा वतन) तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य के 41 वें जन्मदिन पर आज 28 जुलाई को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।



पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि सर्वप्रथम माता - पिता का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरुआत की। इसके बाद चौमूं गढ़ गणेश मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया , वृक्षारोपण किया गया और विभिन्न मठों पर साधु संतों का आशीर्वाद लिया गया। शाम को गरीबों को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा और 41 दीपक जलाकर जन्मदिन मनाया जाएगा।

पंडित रविंद्र आचार्य ने सभी से अपील की है कि विशेष दिवस होने पर हम सभी को समाज सेवा के कार्य करने चाहिए और एक पेड़ जरूर लगाएं जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे। विभिन्न कार्यकर्मों के दौरान जलदाय विभाग की कनिष्ठ अभियंता ज्योति सैनी, जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण संस्था के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, पंकज बागड़ा, राहुल दाधीच, मुकेश सैनी, शिखा सैनी, ममता सैनी आदि मौजूद रहे।

# खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को करेगा सशक्त

जम्मू कश्मीर (हमारा वतन) पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए सरकार एक उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर रही है। यह जानकारी सलाहकार बसीर खान ने खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सशक्त बनाने के लिए सूक्ष्म औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए करवाए सम्मेलन में दी।

उन्होंने पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए योजनाएं शुरू करने पर केवीआईबी और सैनिक कल्याण बोर्ड के प्रयासों की सराहना की। कहा कि यह सम्मेलन अगले सत्र की शुरूआत करेगा, जिसमें प्रतिभागियों का समग्र दृष्टिकोण होगा, स्वरोजगार और रोजगार सृजन के नए रास्ते बनेंगे। दौरान जम्मू-कश्मीर केवीआईबी की उपाध्यक्ष डॉ. हिना शफी ने कहा कि विभाग में 91000 पूर्व सैनिक और वीर नारियां पंजीकृत हैं। 1.33 करोड़ रुपये की सब्सिडी और चार करोड़ का बैंक ऋण इनके लिए जारी किया गया है। पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का सहयोग किया जा रहा है।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

# खाद्य सुरक्षा में मनोनीत सदस्यों पूर्व विधायक ने किया सम्मान



चौमूं (हमारा वतन) शहर के कचोलिया रोड पर स्थित पूर्व विधायक निवास स्थान पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूं के ग्रामीण क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना में ग्राम पंचायत नांगल गोविन्द सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल गढ़वाल, ग्राम पंचायत सिंगोदकलां से सरपंच कुसुमलता सैनी ओर ग्राम पंचायत जैतपुरा से प्रकाश निठारवाल को मनोनीत सदस्य बनाए जाने पर माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महादेव गोरा, हरफुल गढ़वाल, सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कुमार सैनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा